तापमान

| | | |
|---|---|---|
| भोपाल | 35.2° | 23.1° |
| इंदौर | 34.4° | 23.5° |
| जबलपुर | 40.8° | 25.1° |
| ग्वालियर | 41.7° | 24.2° |

दैनिक

# नईदुनिया

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

वर्ष- 77
(भोपाल : वर्ष 39 अंक 149,पृष्ठ 12)
रविवार 28 अप्रैल 2024
राजधानी संस्करण
कीमत: 3:00 रुपये


**राजधानी...** डाकुओं के राज में कांग्रेस ने लोगों को...


**खेल...** उबेर कप में अश्मिता चालिहा ने किया उलटफेर...


**व्यापार...** एक्स पर बॉट्स का उपयोग करने वाले रचनाकारों...


**देश-विदेश...** इजराइल विरोधी प्रदर्शन में छात्र को बचाना...

www.naiduniaonline.com

महाराष्ट्र में विपक्ष पर बरसे प्रधानमंत्री मोदी, कहा

# इंडी गठबंधन वाले राष्ट्रविरोधी एजेंडे और तुष्टीकरण का कर रहे हैं इस्तेमाल

**कोल्हापुर (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए यहांकांग्रेस और इंडी गठबंधन पर जमकर प्रहार किया। इसके साथ ही उन्होंने बाल ठाकरे को याद कर उद्धव ठाकरे को भी निशाने पर लिया। विपक्ष पर हमला बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि याकूब मेमन की कब्र को संवारने वाले लोग से आप कोल्हापुर, महाराष्ट्र का भाग्य बदलने की उम्मीद नहीं कर सकते।**



मोदी ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि जब कांग्रेस और उसके दोस्तों को एहसास हुआ कि वे विकास के ट्रैक रिकॉर्ड वाले एनडीए का मुकाबला नहीं कर सकते, तो उन्होंने अपनी रणनीति बदल दी। इसलिए इंडी गठबंधन वाले राष्ट्रविरोधी एजेंडे और तुष्टीकरण का इस्तेमाल कर रहे हैं। अब, कांग्रेस का एजेंडा है कि वे कश्मीर में आर्टिकल 370 को फिर से वापसी कराएंगे। किसी में हिम्मत है कि मोदी को इस कदम से पीछे हटा सके। उन्होंने कहा कि इंडी अलायंस वाले कह रहे हैं कि इनकी सरकार बनी तो ये लोग सीएए कानून रद्द कर देंगे। जिन लोगों के तीन अंकों में सीट जीतने के लाले पड़े हों, क्या ये इंडी अलायंस वाले सरकार के दरवाजे तक पहुंच सकते हैं क्या? अब ये फॉर्मूला निकालने में लगे हैं कि एक साल, एक पीएम। यानी, पांच साल मौका मिला तो पांच प्रधानमंत्री। अभी कर्नाटक में उनकी कांग्रेस की सरकार बनी, लेकिन उनका फॉर्मूला क्या है, ढाई साल एक मुख्यमंत्री। फिर ढाई साल के बाद डिप्टी सीएम मुख्यमंत्री. कांग्रेस वाले ये खेल-खेल रहे हैं. छत्तीसगढ़ में यही फॉर्मूला बनाया था। ढाई साल एक मुख्यमंत्री और बाकी के ढाई साल दूसरा मुख्यमंत्री। ये देश कभी सहन करने वाला नहीं है. राम मंदिर का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा, अयोध्या में राम मंदिर का 500 साल पुराना सपना पूरा हुआ है. दशकों तक राम मंदिर को बनने से रोकने वाली कांग्रेस ने उस कार्यक्रम का भी बहिष्कार किया। कांग्रेस वालों ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण को भी ठुकरा दिया। क्या कभी कोई राम के दरबार में जाने का निमंत्रण ठुकरा सकता है, जबकि अयोध्या के अंसारी और उनका परिवार, जो जिंदगी भर राम मंदिर के विरुद्ध अदालत में केस लड़ता रहा, लेकिन जब न्यायालय ने कहा कि ये राम मंदिर है, तो अंसारी खुद राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में मौजूद रहे. जिंदगीभर लड़ाई लड़ी फिर भी राम की शरण में आए। इस दौरान पीएम मोदी ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन के सनातन धर्म को डेंगू-मलेरिया वाले बयान का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, कांग्रेस की करीबी डीएमके पार्टी वो सनातन को गालियां दे रही है। डीएमके नेता कहते हैं कि सनातन डेंगू, मलेरिया है और जो लोग सनातन के विनाश की बात करते हैं, इंडी अघाड़ी वाले महाराष्ट्र बुलाकर उनका सम्मान करते हैं. ये देखकर बाला साहेब ठाकरे के मन को गहरी चोट लगी होगी। इंडी अघाडी वाले वोट बैंक की राजनीति में इतना गिर गए हैं कि शिवाजी महाराज की धरती पर औरंगजेब को मानने वालों से जाकर मिल गए। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र की ये धरती सामाजिक न्याय का प्रतीक है, लेकिन कांग्रेस और इंडी अघाड़ी ने सामाजिक न्याय की हत्या करने की भी ठान ली है. बाबा साहेब अंबेडकर का अपमान करने वाली कांग्रेस अब दलितों और पिछड़ों के आरक्षण पर डाका डालने की तैयारी में हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि याकूब मेमन की कब्र को संवारने वाले लोग से आप कोल्हापुर, महाराष्ट्र का भाग्य बदलने की उम्मीद नहीं कर सकते। पीएम मोदी ने राहुल गांधी का बिना नाम लिए कहा कि कांग्रेस के शहजादे ने घोषणा की है कि आपकी संपत्ति और महिलाओं के गहने और सोने-चांदी की जांच करवाएंगे। आपकी कमाई को कांग्रेस उन लोगों में बांटेगी, जिसका इस पर पहला हक है, जैसा कि कांग्रेस वाले बताते हैं. तुष्टिकरण के लिए कांग्रेस किसी भी हद तक गिर सकती (शेष पेज 2 पर)

## खास-खबरें

### चुनावी प्रचार में पहली बार उतरीं सुनीता केजरीवाल, पूर्वी दिल्ली में किया प्रचार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के मतदान से पहले, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता ने आज राष्ट्रीय राजधानी में आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्वी दिल्ली के उम्मीदवार कुलदीप कुमार के लिए प्रचार किया। इस दौरान सुनीता केजरीवाल ने कहा कि एक महीने से उन्होंने आपके सीएम और मेरे पति को जबरदस्ती जेल में डाल रखा है। अभी तक किसी भी अदालत ने उन्हें दोषी नहीं ठहराया है। वे कह रहे हैं कि जांच चल रही है। उन्होंने सवाल किया कि अगर जांच 10 साल तक चलेगी तो क्या वे उसे 10 साल तक जेल में रखेंगे? मुख्यमंत्री की पत्नी ने कहा कि पहले, अदालत द्वारा किसी को दोषी ठहराए जाने पर ही लोगों को जेल में डाल दिया जाता था, लेकिन वे एक नई व्यवस्था लेकर आए हैं।


### हेलिकॉप्टर में चढ़ते वक्त घायल हो गईं ममता

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी शनिवार को दुर्गापुर में एक हेलीकॉप्टर के अंदर फिसलकर गिरने से घायल हो गईं। यह घटना तब हुई जब वह हेलिकॉप्टर के सामने रखी चल सीढ़ियों से ऊपर चली गई और उसके अंदर सीट लेने ही वाली थी। हेलीकॉप्टर मुख्यमंत्री के चढ़ने का इंतजार कर रहा था, ताकि वह उड़ान भर सके। ममता बनर्जी को मामूली चोट लगी और उनके सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत उनकी मदद की। बाद में, उन्होंने आसनसोल की अपनी निर्धारित यात्रा जारी रखी।

मोदी को तीसरी बार बनाएं प्रधानमंत्री

# आतंकवाद और नक्सलवाद को जड़ से करेंगे खत्म : शाह

**पोरबंदर (एजेंसी)। गुजरात में मतदान से पहले शनिवार को यहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह संबोधन के दौरान शाह ने इस बात पर जोर दिया कि अगर नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बने रहे तो वह देश से आतंकवाद और नक्सलवाद को खत्म कर देंगे और भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।**



राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में मोदी के निर्णायक कार्यों पर प्रकाश डालते हुए, शाह ने मोदी के कार्यकाल के तहत आतंकवादी हमलों के लिए त्वरित और दृढ़ प्रतिक्रिया की ओर इशारा किया। उन्होंने कहा, जब पाकिस्तान ने पुलवामा और उरी में आतंकवादी हमले किए, तो वह भूल गया कि मोदी प्रधान मंत्री थे। 10 दिनों के भीतर, पीएम मोदी ने पाकिस्तान की धरती पर आतंकवादियों को खत्म करने के लिए सर्जिकल और एयर स्ट्राइक की। शाह ने कांग्रेस पार्टी और उसके नेता राहुल गांधी पर भी तीखा हमला बोला। शाह ने कहा कि जब कश्मीर घाटी से अनुच्छेद 370 हटाया गया, तो कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इस महत्वपूर्ण कदम का विरोध करते हुए कहा कि इससे कश्मीर में खून की नदी बह जाएगी। उन्होंने दावा किया कि पिछले पांच साल में खून की नदी तो दूर, किसी ने वहां पत्थर फेंकने की भी हिम्मत नहीं की। पीएम मोदी ने देश से आतंकवाद और नक्सलवाद को खत्म करने का काम किया। जब मनमोहन सिंह देश के प्रधान मंत्री थे, तो कोई भी पाकिस्तान से देश में प्रवेश कर सकता था और बम विस्फोट कर सकता था। इसके अलावा, राष्ट्रीय सुरक्षा के अलावा, शाह ने कांग्रेस शासन की तुलना में भाजपा के पिछले 10 वर्षों के शासन पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वैश्विक मंच पर भारत की आर्थिक स्थिति को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। राजकोट में शाह ने कहा कि कश्मीर हमारा है, लेकिन कांग्रेस के लोग और (मल्लिकार्जुन) खड़गे कह रहे हैं कि गुजरात और राजस्थान का कश्मीर से क्या लेना-देना है। राहुल गांधी ने कहा कि अगर धारा 370 हटाई गई तो कश्मीर में खून की नदियां बहेंगी। लेकिन, पांच साल में एक भी पत्थर नहीं फेंका गया...कांग्रेस सरकार के समय बम विस्फोट होते (शेष पेज 2 पर)

# सत्ता में फिर से आने पर भाजपा संविधान बदल देगी : प्रियंका

**धरमपुर (गुजरात)।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने दावा किया कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का शीर्ष नेतृत्व भले ही अभी इस बात से इनकार करने का दिखावा कर रहा हो, लेकिन यदि भाजपा सत्ता में फिर से आ गई तो यह संविधान बदल देगी। महंगाई को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए प्रियंका ने उन्हें ''महंगाई मैन'' करार दिया। कांग्रेस नेता ने अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए आरक्षित वलसाड लोकसभा सीट से पार्टी के उम्मीदवार अनंत पटेल के समर्थन में यहां आयोजित एक रैली में कहा कि भाजपा नेता और उम्मीदवार कह रहे हैं कि वे संविधान बदल देंगे लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इससे इनकार कर रहे हैं। यह उनकी रणनीति है। प्रियंका ने कहा कि शुरू में, वे उससे हमेशा इनकार करते हैं जिसे वे करना चाहते हैं। लेकिन सत्ता में आने पर वे (शेष पेज 2 पर)



### मणिपुर में उग्रवादियों के हमले में सीआरपीएफ के दो जवानों की मौत

**इंफाल (एजेंसी)।** मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में सुरक्षा बलों के एक शिविर पर शुक्रवार देर रात उग्रवादियों के हमले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के दो जवानों की मौत हो गई और दो अन्य कर्मी घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि उग्रवादियों ने मोइरांग पुलिस थाना क्षेत्र के नारानसेना में आईआरबीएन (भारतीय आरक्षित वाहिनी) शिविर पर हमला किया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि उग्रवादियों ने पहाड़ी की चोटियों से शिविर को निशाना बनाकर अंधाधुंध गोलीबारी की। गोलीबारी रात करीब साढ़े 12 बजे शुरू हुई और देर रात लगभग सवा दो बजे तक जारी रही। उग्रवादियों ने बम भी फेंके, जिनमें से एक बम सीआरपीएफ की 128 बटालियन की चौकी (शेष पेज 2 पर)

### सीबीआई के खिलाफ चुनाव आयोग पहुंची टीएमसी

**कोलकाता।** टीएमसी ने शनिवार को भारतीय निर्वाचन आयोग को पत्र लिखा। टीएमसी ने पत्र के जरिए उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में शुक्रवार को सीबीआई और राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड की छापेमारी का विरोध किया। टीएमसी ने कहा कि जब लोकसभा चुनाव का दूसरा चरण चल रहा था, तब केंद्रीय एजेंसियों ने बदनाम करने की नीयत से तलाशी स्थल पर हथियार रखे गए, ऐसा अंदेशा है। सीबीआई ने शुक्रवार दोपहर एक महत्वपूर्ण ऑपरेशन में संदेशखाली में निलंबित तृणमूल कांग्रेस नेता शेख शाहजहां के एक रिश्तेदार के आवास से भारी मात्रा में विदेशी और देसी हथियार, विस्फोटक और बम (शेष पेज 2 पर)

भाजपा ने मुंबई उत्तर मध्य सीट से

# पूनम महाजन का टिकट काटा, वकील उज्जवल निकम को बनाया उम्मीदवार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शनिवार को मुंबई उत्तर मध्य लोकसभा सीट से मौजूदा सांसद पूनम महाजन की जगह चर्चित वकील उज्ज्वल देवराव निकम को अपना उम्मीदवार बनाया। निकम मुंबई आतंकी हमले के मामले में सरकारी वकील थे। निकम 1993 के मुंबई सिलसिलेवार विस्फोटों और 26/11 हमलों के बाद पकड़े गए आतंकवादी अजमल कसाब के मुकदमे जैसे कई महत्वपूर्ण मामलों में विशेष लोक अभियोजक रह चुके हैं। भाजपा के दिवंगत नेता प्रमोद महाजन की बेटी पूनम महाजन 2014 और 2019 में मुंबई उत्तर मध्य सीट से निर्वाचित हुईं। पूनम भाजपा की युवा शाखा की पूर्व अध्यक्ष भी हैं। पार्टी नेताओं ने दावा किया है कि संगठन से मिली जानकारी के आधार पर पूनम का टिकट काटा (शेष पेज 2 पर)



**स्पेशल खबर** *मुख्यमंत्री योगी ने कहा, ईवीएम पर सवाल उठाने वाले...*

# वही लोग हैं जो कभी बैलेट लूटा करते थे

**लखनऊ (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ईवीएम पर सवाल उठाने पर कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि ये वही लोग हैं जो बैलेट लूटने का काम करते थे।**

लोकसभा चुनाव में पुख्ता हार को देख कांग्रेस के लोग ईवीएम पर दोषारोपण कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी शनिवार को मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने गोमांस मुद्दे पर भी कांग्रेस और इंडी गठबंधन को निशाने पर लिया। सीएम योगी ने पूछा कि वो अपने घोषणापत्र में लिख रहे हैं अल्पसंख्यकों को उनकी पसंद के खान-पान का अधिकार दिया जाएगा। आखिर अल्पसंख्यकों का ऐसा कौन सा खान-पान है जो शेष समुदाय से अलग है। मुख्यमंत्री ने इस मुद्दे पर इंडी गठबंधन के अन्य सहयोगियों की चुप्पी पर भी सवाल उठाए। मुख्यमंत्री ने ईवीएम मुद्दे पर कहा है कि इंडी गठबंधन जब भी हार रहा होता है, तो अपनी हार का ठीकरा ईवीएम पर डालने का प्रयास करता है। 2014 से लगातार हम सब इस बात को सुन रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों से पूछा कि गत वर्ष हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में क्या बैलेट पेपर से सरकार बनी थी, 2004 में यूपीए की सरकार और 2018 में राजस्थान, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की तथा दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार क्या बैलेट पेपर से बनी थी? मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग ईवीएम को नकार रहे हैं ये वही हैं जो बैलेट बॉक्स लूटने का काम करते थे। अगर आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव की सुचिता को सुनिश्चित किया है तो ये लोग अपना गुस्सा ईवीएम पर फोड़ने का प्रयास (शेष पेज 2 पर)



